आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

17.04.2024 समय : 1850

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार अभियान आज सम्पन्न हो गया।
- निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने मतदान के दिन जिले में निशुल्क परिवहन की सुविधा प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों से अपने नाम निशुल्क नम्बर एक नौ पांच शून्य पर दर्ज कराने को कहा है।
- द्वीपसमूह में आगामी चुनाव के लिए पोर्ट ब्लेयर और फरारगंज तहसील के लिए मतदान सामग्रियों का कल वितरण किया जाएगा ।
- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं–दक्षिण अंडमान की कालीकट निवासी ज़ोहरा बानू ने भी इस परीक्षा में सफलता हासिल की है।
- राम नवमी के अवसर पर आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार अभियान आज सम्पन्न हो गया। प्रचार अभियान समाप्त होने की अवधि से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव प्रचार अभियान चलाया गया।

इस बीच, द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सुचारू मतदान के लिए ई वी एम का प्रशिक्षण दिया गया है और मतदान के दिन अगर ई वी एम में गड़बड़ी होती है तो इसके लिए ई.सी.आई.एल के अभियंता तैयार रहेंगे, जिनकी ड्यूटी सेक्टर अधिकारियों के साथ लगाई गई है। ज़िला नियंत्रण कक्ष और निर्वाचन अधिकारी के नियंत्रण कक्ष का नम्बर साझा किया गया है, ताकि परेशानी होने पर उसे तुरंत सुलझाया जा सके।
उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में आश्वस्त न्यूनतम सुविधाएं भी उपलब्ध रहेगी।
श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि मतदान के दिन जिले में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को निशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे मतदान कर सके। ऐसे सभी पात्र मतदाताओं से टोलफ्री नम्बर एक नौ पांच शून्य पर अपने नाम दर्ज कराने को कहा गया है। ऐसे मतदाता अनुरोध भेजने के लिए मोबाइल ऐप सक्षम का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जिला प्रशासन इन मतदाताओं के लिए आने–जाने के वास्ते निशुल्क परिवहन की व्यवस्था करेगा। जिन मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, उन्हें दोबारा मतदान करने की अनुमति नहीं हैं क्योंकि उनके नाम मतदाता सूची में अंकित हो चुके हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आगामी चुनाव के लिए पोर्ट ब्लेयर और फरारगंज तहसील के लिए मतदान सामग्रियों का कल वितरण किया जाएगा। दूर–दराज के क्षेत्र के लिए सुबह चार बजे इसका वितरण आरंभ होगा। फरारगंज तहसील के लिए सुबह छः बजे और पोर्ट ब्लेयर तहसील के लिए सुबह आठ बजे से मतदान सामग्रियों का वितरण होगा। सभी मतदान से जुड़े कर्मियों को वितरण केन्द्र में निर्धारित समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है। इसका उल्लंघन होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

इस बीच, नेताजी स्टेडियम से मतदान सामग्रियों के वितरण को देखते हुए कल तड़के तीन बजे से स्काउट हट क्रॉसिंग से अंडमान क्लब होते हुए वाई. नारायण जंक्शन तक का मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा। वितरण का कार्य सम्पन्न होने तक इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं होगी। आर.के मिशन से धर्मशाला क्रॉसिंग तक का मार्ग वाहनों के लिए खुले रहेंगे। मतदान सामग्रियों के वितरण में लगे कर्मचारियों के वाहन को बहुद्देशीय सभागार से वेलोड्रोम तक गर्ल्स स्कूल के सामने और मरीना पार्क मार्ग पर अपने वाहन पार्क करने होंगे। मतदान कर्मियों को लाने वाले बस को स्वीमिंग पुल के नजदीक पार्क करना होगा ।

<><><><><><><>

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहे हैं। वहीं अनिमेष प्रधान दूसरे स्थान पर रहे हैं और दोनुरू अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर हैं। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले पच्चीस शीर्ष उम्मीदवारों में दस महिलाएं और पंद्रह पुरुष हैं। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार सोलह उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की है। इनमें से छह सौ चौंसठ पुरुष और तीन सौ बावन महिलाएं हैं। इस परीक्षा में छह लाख से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया था। अंडमाान निकोबार द्वीपसमूह से दक्षिण अंडमान की कालीकट निवासी जोहरा बानो ने भी इस परीक्षा में सफलता हासिल कर द्वीपसमूह का मान बढ़ाया है। उन्हें चार सौ उनहत्तरवां रैंक हासिल हुआ। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में सुश्री जोहरा ने कहा कि सिविल सेवा में उनके चयन को लेकर समाचार मिलते ही वह काफी भावविभोर हो गई, क्योंकि अभिभावकों और द्वीपवासियों का न सिर्फ मान बढ़ा है, बल्कि एक नई जिम्मेदारी की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन और लगातार प्रयासों के बाद मिली सफलता से वह काफी उत्साहित हैं और अब आगे बढ़ने की लालसा है।

<><><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपों में भी श्रीराम नवमी का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न मंदिरों और संस्थानों की ओर से आज सुबह पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए और बाद में भोग का भी वितरण किया गया। विश्व हिन्दू परिषद की ओर से आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

उधर, नवरात्रि का भी आज अंतिम दिन हैं और आज माता की सिद्धिदात्री रूप की आराधना की गई।

<><><><><><><>

उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं के लिए भी परामर्श जारी किया गया है। भारतीय चुनाव आयोग की ओर से जारी सख्त निर्देश में कहा गया है कि मतदान केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन, वायरलेस फोन सेट की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा मतदान केन्द्र के सौ मीटर की परिधि में भी इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा, ताकि मतदान प्रकिया की गोपनीयता को बनाए रखा जा सके। द्वीपसमूह के सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे निर्देश का पालन करें। उन्नीस अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम छः बजे के बीच मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने तक के समय तक पंक्ति में खड़े मतदाताओं को वोट डालने दिया जाएगा। महिलाओं के लिए अलग पंक्ति होगी। वरिष्ठ नागरिकों को मतदान में प्राथमिकता दी जाएगी। नेत्रहीन और दुर्बल मतदाता अपने साथ एक प्रौढ़ साथी को मतदान क्षेत्र में अपने मतदान की रिकॉर्डिंग कराने के लिए साथ ले जा सकते हैं। उम्मीदवारों द्वारा किसी भी मतदाता को पैसे या अन्य उपहार देने को कानून के तहत भ्रष्ट श्रेणी में रखा गया है। पहचान के लिए मतदाता फोटो मतदाता पहचान पत्र या

आयोग की ओर से प्रमाणित वैकल्पिक बारह दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ रख सकते हैं।

<><><><><><><>